Government of India
कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pension
(कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग)
(Department of Personnel & Training)
केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति
Central Govt. Employees Welfare Co-ordination Committee
महासर्वेक्षक का कार्यालय, देहरादून
Surveyor General's Office, Dehra Dun

Fax-cum-Telephone: 0091-135-2744064
E-Mail:cgewcc.ddn.soi@gov.in
डाक बक्स सं0 37
POST BOX No.37
हाथीबड़कला स्टेट, देहरादून–248001 (उ0प्र0)–भारत।
Hathibarkala Estate, Dehra Dun-248001 (U.K.), INDIA

सं0 सीजी– 5673 /कार्यवृत

दिनांक 16 नवम्बर, 2017

## MINUTES OF THE ANNUAL GENERAL BODY MEETING OF CENTRAL GOVT. EMPLOYEES WELFARE CO-ORDINATION COMMITTEE DEHRA DUN & REGIONAL SPORTS BOARD UTTARAKHAND HELD ON 01-11-2017 (1500 hrs) IN SURVEYOR GENERAL'S OFFICE DEHRA DUN

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक मेजर जनरल गिरीश कुमार, भारत के महासर्वेक्षक एवं अध्यक्ष CGEWCC देहरादून, एवं RSB उत्तरॉखण्ड की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा में विभिन्न विभागों/कार्यालयों के जिन अधिकारियों/प्रतिनिधियों ने अपने–अपने विभाग का प्रतिनिधित्व किया उनके नाम निम्नलिखित हैं :–

| Sl.No. | Name of Officer | Designation | Department |
|---|---|---|---|
| 1. | Maj Gen Girish Kumar | Surveyor General of India/ Chairman, CGEWCC & RSB, UK | Surveyor General's Office, Survey of India, D.Dun |
| 2 | Shri Mohan Ram | Superintending Surveyor/ Secretary CGEWCC & RSB, UK | Surveyor General's Office, Survey of India, D.Dun |
| 3 | Shri B.C Sanwal | Supervisor | O/O Director of Audit (AF), 107 Rajpur Rd. D.Dun |
| 4 | Shri Rajendra Singh | Junior A.O. | O/O Superintending Archaeologist Survey of India, D.Dun |
| 5 | Shri R.Arun Kumar | Deputy Director | O/O DG, FSI, D.Dun |
| 6 | Shri U.S.Prasad | Director | M.A.&D.C. , S.O.I., D.Dun |
| 7 | Shri S.B.Sharma | Director | NPG, S.O.I., D.Dun |
| 8 | Shri Rampal Singh | Sr. D.A.G. | A.G.(Audit) Uttarakhand, D.Dun |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | Shri Rajiv Srivastava | Director | Digital Mapping Centre, SOI, D.Dun |
| 10 | Dr. Jayant Kumar | Medical Officer | CGHS, D.Dun |
| 11 | Shri Nitin Joshi | Dy. Surveyor General | S.G.O. SOI, D.Dun |
| 12 | Dr. Archana Bahuguna | Scientist 'D' O/C NRCZSI | N.R.C. Zoological Survey of India, D.Dun |
| 13 | Dr. Narender Sharma | Scientist 'D' | N.R.C. Zoological Survey of India, D.Dun |
| 14 | Dr. Kumar Ambrish | Scientist 'D' /HOD | BSI, NRC, Dehradun |
| 15 | Dr G.S.Panwar | Scientist 'C' | BSI, NRC, Dehradun |
| 16 | Shri Om Prakash Singh | Asstt. Lab. Welfare Commissioner | Opto Electronic Factory, D.Dun |
| 17 | Shri Diwan Chand | Asstt. Lab. Welfare Commissioner | IRDE, Raipur D.Dun |
| 18 | Shri H.S.Rana | Sr. Administrative Officer | IRDE, Raipur D.Dun |
| 19 | Shri K.K.Soni | Director (Administrative and Finance) | S.G.O., SOI, D.Dun |
| 20 | Shri R.K.Meena | Director | Survey of India, D.Dun |
| 21 | Shri S.S.Negi | Asstt. Director | Directorate of Census Operations, UK, MHA, D.Dun |
| 22 | Shri Surinder Singh | Asstt. Director | Directorate of Census Operations, UK, MHA, D.Dun |
| 23 | Shri P.K.Sharma | Chargeman | Opto Electronic Factory, D.Dun |
| 24 | Col. Amardeep Singh | Dy. Surveyor General | S.G.O. SOI, D.Dun |
| 25 | Shri Dinesh Kumar Verma | Dy. Suptdg. Archl. Chemist | O/O Director Z(Sc.) Archaeological Survey of India, D.Dun |
| 26. | Shri Kalam Singh | Astt. Sec. R.Club, SGO | S.G.O. SOI, D.Dun |
| 27 | Shri D.K.Sahu | Dy. Controller (Adm) | CQA (I), Raipur, D.Dun |
| 28 | Shri Raghubir Singh | Office Suptt. | Advanced Training Institute, Green Park Majra, Niranjanpur, Dehradun, |
| 29 | Shri. S.S.Aswal | Treasurer, CGEWCC.DDUN | S.G.O. SOI, D.Dun |

शेष पृष्ठ 3 पर......

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने से पूर्व, श्री मोहन राम, सचिव, CGEWCC, देहरादून ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए मेजर जनरल गिरीश कुमार, भारत के महासर्वेक्षक जो वर्तमान में CGEWCC, देहरादून एवं RSB उत्तरॉखण्ड के अध्यक्ष भी हैं, का सभी से परिचय कराया। तत्पश्चात, सभी उपस्थित अधिकारियों से बारी–बारी कर अपना परिचय अध्यक्ष महोदय को देने का अनुरोध किया । सभी उपस्थित अधिकारियों के परिचय हो जाने के बाद सचिव ने केन्द्रीय कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा का संचालन करने की अनुमति अध्यक्ष महोदय से मांगी, जिसका अध्यक्ष महोदय ने सहर्ष अनुमति दी। तत्पश्चात सचिव ने अध्यक्ष महोदय को सम्मानित सदस्यों को सम्बोधन हेतु आग्रह किया । अध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में सर्व प्रथम सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा समन्वय समिति को सुचारु रुप से चलाने हेतु सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया । अध्यक्ष महोदय ने सदन को अवगत कराया कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग की सर्वे चौक स्थित डिस्पेन्सरी को CGHS डिस्पेन्सरी में संविलय के आदेश दे दिये गये हैं । जिससे कि अधिक से अधिक केन्द्रीय कर्मियों को CGHS का लाभ प्राप्त हो। फिर अध्यक्ष महोदय ने वर्ष 2016–17 में मात्र 30% खेल–प्रतियोगिताओं का आयोजन होने पर खेद जताया और साथ ही साथ सदस्यों से अपील की कि आगामी वर्ष 2017–18 में खेल–प्रतियोगिता आवंटी विभाग प्रतियोगिताओं का आयोजन 100% और नियत समय पर करवाने का प्रयास करें । अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों को समन्वय समिति के सभी कार्य–कलापों को नियत समय पर पूरा करने और सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा करते हुए देहरादून स्टेश्न पर केन्द्रीय कर्मचारियों को समन्वय समिति की ओर से भी पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया और सम्मानित सदस्यों को वार्षिक आम सभा में आने पर धन्यवाद प्रकट किया ।

1. **दिनांक 15.12.2016 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत :**

सचिव ने एजेण्डानुसार बैठक संचालन करते हुए सर्वप्रथम सदस्यों को अवगत कराया कि पिछली बैठक के कार्यवृत सभी सदस्य कार्यालयों को भेजा गया था और इसकी भी जनाकारी दी कि समिति की यह कार्यवृत विभागीय वेवसाइट पर भी अपलोड की गयी थी । साथ ही आशा व्यक्त की कि सभी सदस्यों को उक्त प्रति प्राप्त हो गयी होगी । जिसकी पुष्टि सभी सदस्यों ने की। तत्पश्चात सचिव ने वर्ष 2016–2017 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति अध्यक्ष महोदय से ली । सचिव ने समन्वय समिति एवं क्रीडा बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट को पढ़ कर सभा में प्रस्तुत किया ।

2. **देहरादून में केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना :**

सचिव ने सदन को अवगत कराया कि केन्द्रीय कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु समिति CGHS से बेहत्तर समन्वय के साथ इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं । इसी परिपेक्ष्य में सचिव ने सदन को यह भी अवगत कराया कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग की सर्वे चौक स्थित डिस्पेन्सरी को CGHS डिस्पेन्सरी में संविलेय की कार्यवाही प्रगतिशील है।

सदस्यों को जैसे ही अवगत किया गया कि पिछली बैठक में कुछ सदस्यों के विशेष अनुरोध पर इस सभा में CGHS के प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है और वह सभा में उपस्थित हैं । उसके बाद सदस्यों ने उनसे ही सवाल–जवाब करना शुरु कर दिया । इसी क्रम में सदस्यों का प्रश्न था कि कुछ CGHS मान्यता प्राप्त अस्पताल/डायग्नोस्टिक सेंटर में कर्मचारियों से कुछ परीक्षणों पर एवं भर्ती होने पर पैकेज दरों में निर्धारित मूल्य से अधिक चार्ज किया जाता है, जो कि किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को लिखित में शिकायत करने की सलाह दी तथा CGHS के प्रतिनिधि ने भी आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

**शेष पृष्ठ 4 पर......**

भारतीय सर्वेक्षण विभाग की सर्वे चौक स्थित डिस्पेन्सरी को CGHS डिस्पेन्सरी में संविलेय के विषय में सदस्यों ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए पुछा कि कर्मचारियों को CGHS के नियम के अनुसार 3 किमी की परीधी की जानकारी कैसे ज्ञात हो सकती है अर्थात उन्हें कैसे मालूम हो कि वे भी इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं । इस पर अध्यक्ष महोदय ने सभा को अवगत कराया कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग से एक OSM मानचित्र सभी सदस्यों की सुविधा हेतु जारी किया जाऐगा जिसमें डिस्पेन्सरी से 3 किमी0 हवाई परीधी में स्थालाकृति दर्शाई जाऐगी, इसकी सहायता से कोई भी अपने निवास स्थान की दूरी माप सकता है ।

## 3. वर्ष 2016–2017 के दौरान खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन :

वर्ष 2016–17 के दौरान समन्वय समिति की ओर से जिन विभागों/कार्यालयों को कुल 09 खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने का दायित्व दिया गया था, सचिव ने अपनी रिपोर्ट द्वारा सदन को उसके परिणाम से अवगत कराया जो निम्न प्रकार हैं :–

| क्रमांक | खेल/प्रतियोगिताएं | आयोजक विभाग |
|---|---|---|
| 1. | Cricket | NPG, Survey of India – Not Conducted |
| 2. | Table Tennis | Income Tax Department – Not Conducted |
| 3. | Volley Ball | NHO/SGO - Conducted |
| 4. | Badminton | AG Office (Audit) – Conducted |
| 5. | Cultural Programme | S.G.O. Survey of India - Conducted |
| 6. | Carrom | IIP, Mohkampur - Not Conducted |
| 7. | Chess | NGDC, SOI- Not Conducted |
| 8. | Football | AG (Accounts) UK- Not Conducted |
| 9. | Kabaddi | UK & WUP GDC, SOI - Not Conducted |

उपरोक्त 09 खेल प्रतियोगिताओं में से आयोजित केवल 03 प्रतियोगिताओं के विषय में सचिव ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि देहरादून स्टेशन में 90 से अधिक केन्द्रीय संस्थान हैं और खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में इस प्रकार की उदासीनता शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है । जबकि समिति की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाती है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जितना अधिक से अधिक हो वह सभी के लिए अच्छा है इससे कर्मचारियों के मध्य संमन्वय एवं परस्पर सद्भाव बना रहता है । इसी संदर्भ में सचिव ने भी सदस्यों से विशेष अनुरोध किया ।

## 4. वर्ष 2016–2017 के आय–व्यय एवं लेखा परीक्षा रिपोर्ट:

बैठक में वर्ष 2016–2017 के आय–व्यय का लेखा परीक्षण के विषय में सचिव ने सदन को अवगत कराया कि यह दायित्व A.G.(A), UK को दिया गया था। किन्तु उनकी व्यस्तता के कारण वह इस दायित्व का निर्वहन नहीं कर सके । तदुपरान्त यह दायित्व CP&AO को दिया गया । जो कि लेखा परिक्षको द्वारा सही पाया गया । समिति का वर्ष 2016–17 का आय–व्यय का लेखा–जोखा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सदस्यों ने समिति की आर्थिक स्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सर्व सम्मति से लेखा पारित किया ।

इसी क्रम में सचिव ने सदस्यों को यह भी सूचित किया गया कि समिति का वार्षिक अंशदान कई सदस्य कार्यालयों पर बकाया चल रहा है जिसकी अलग से सूची प्रस्तुत की गई तथा सभी के अवलोकनार्थ

एवं टिप्पणी/सुझाव हेतु संलग्न की गयी । इस पर अध्यक्ष महोदय ने पत्र द्वारा पुनः अंशदान मांगने का निर्देश दिया ।

**5. समिति के खेल सामग्री/स्टोर का भौतिक सत्यापन :–**

सचिव ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि समिति के वर्ष 2016–2017 के शतप्रतिशत भौतिक सत्यापन का दायित्व भी A.G.(A), UK को दिया गया था। A.G.(A), UK की व्यस्तता के चलते इसका सत्यापन भी CP&AO द्वारा किया गया। सत्यापन में सभी वस्तुएं सही पायी गयी हैं । सदस्यों ने इस रिपोर्ट को भी पारित किया ।

**6. वर्ष 2017–2018 के लिए प्रस्तावित बजट पारित करना :**

आगामी वर्ष 2017–2018 के लिए समन्वय समिति द्वारा प्रस्तावित आय–व्यय का प्रपत्र अनुमोदनार्थ संलग्न किया गया तथा खेल सामग्री की खरीद एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन में व्यय मद में रखी गयी धनराशि पर सभी ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रस्तावित बजट पारित किया।

**7. वर्ष 2018 के लिए सरकारी अवकाशों का निर्धारण करना :**

वार्षिक रिपोर्ट में सचिव ने सूचित किया गया कि भारत सरकार, कार्मिक,लोक शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय के आदेशों के अनुसार वर्ष 2018 में केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के लिए निश्चित 14 अवकाशों के अलावा 3 अवकाशों का निर्धारण समिति द्वारा किया गया है। इससे पूर्व समिति द्वारा निम्नलिखित 3 अवकाश/त्योहारों का प्रस्ताव सभी सदस्य कार्यालयों को किया गया था और उनकी अनुकूल सहमति होने पर तीनों अवकाशों को राजपत्रित अवकाश में सम्मलित कर कुल 17 राजपत्रित अवकाशों की सूची बनायी गयी और कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय नई दिल्ली से प्राप्त वैकल्पिक अवकाशों में स्थानीय झण्डा दिवस/मेला को भी वैकल्पिक अवकाश में सम्मिलित कर वर्ष 2018 की वैकल्पिक/प्रतिबंधित अवकाश सूची बनायी गयी । जो सभी सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गयी । सदस्यों ने अवकाशों के बारे में सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया ।

**8. वर्ष 2014–2015 के लिए प्राधिकृत चिकित्सकों की नियुक्ति :**

सचिव ने अपनी रिपोर्ट में सूचित किया कि आगामी वर्ष के लिए प्राधिकृत चिकित्सकों की सूची लगभग गत वर्ष की भांति ही है, साथ ही जिन डाक्टरों ने पहली बार आवेदन किया है उनके नाम भी प्रस्तुत किये गये हैं तथा जिन डाक्टरों ने अपना नवीनीकरण (Renewal) नहीं कराया है उनकी सूची भी अलग से संलग्न की गई है। अतः अन्तिम सूची जारी करने के लिए सदस्यों के विचार एवं अनुमोदन अपेक्षित है तदुपरान्त सूची सभी सदस्य कार्यालयों को जारी कर दी जायेगी। सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर भी अपनी सहमति व्यक्त की है ।

**9. Central Civil Services Culture & Sports Board, U.K.**

सचिव ने सूचित किया कि वर्ष 2016–2017 के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले खेल प्रतियोगिताओं में राज्य की निम्नलिखित RSB, U.K टीमों ने प्रतिभाग किया :–

शेष पृष्ठ 6 पर

| Sl.No | Name of Sports event | Venue of Tournament | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 1. | Volleyball | Bhopal (M.P.) | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 2. | Table Tennis | Bhiwani (Haryana) | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 3. | Badminton | Aizawl (Mizoram) | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 4. | Football | Thiruvanthapuram (Kerala) | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 5. | Hockey | Chandigarh | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 6. | Powerlifting, Weightlifting & Best Physique | Pune (Maharashtra) | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 7. | Athletics | New Delhi | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |

साथ ही सचिव ने यह भी अवगत कराया कि अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली टीमों को अपनी खेल–रिपोर्ट भी समन्वय समिति को प्रस्तुत करनी चाहिए। ताकि उनके खेल प्रदर्शन/भावना दूसरों के लिए प्रेरणादायक बन सके। इसका सर्मथन अध्यक्ष महोदय ने भी किया ।

इसी परिपेक्ष्य में एक सदस्य ने प्रश्न उठाया कि अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को प्रायः देखा गया है कि उन्हें बिना किट के रवाना किया जाता है, जो खिलाडियों के मनोबल पर प्रतिकूल असर डालता है । क्यों न हम CGEWCC के Fund से इन्हें किट उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। इस पर कोषाध्यक्ष CGEWCC ने सदन को अवगत कराया कि अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली खेल–प्रतियोगिताओं हेतु DOP&T से अलग Fund दिया जाता है जिसका लेखा–जोखा भी अलग किया जाता है। इसलिए Fund की उपलब्धता न होने पर खिलाड़ियों को किट देना संभव नहीं हो पाता है। इसका संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष महोदय ने Fund की मांग हेतु पत्र लिखने का निर्देश दिया ।

**10. आगामी वर्ष 2017–2018 के खेल आयोजन के लिए निम्न प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया :**

समन्वय समिति की वार्षिक आमसभा में वर्ष 2017–18 में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु उपस्थित सभी सदस्यों से CGEWCC की ओर से खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराने की जिम्मेदारी लेने का अनुरोध किया गया । जिन सदस्य कार्यालयों ने खेल प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में रुचि दिखाई, उनका अध्यक्ष महोदय ने स्वागत करते हुए धन्यवाद प्रकट किया। वे इस प्रकार हैं :–

| क्रमांक | खेल/प्रतियोगिताएं | आयोजक विभाग |
|---|---|---|
| 1. | Cricket | NPG + MA&DC Survey of India |
| 2. | Table Tennis | NGDC, SOI |
| 3. | Carom | NRC, Zoological Survey of India |
| 4. | Chess | NGDC, SOI |
| 5. | Kabaddi | UK & WUP GDC, SOI |
| 6. | Volley Ball | SGO, SOI + NHO |
| 7. | Badmintan | IRDE, Raipur, DDN |
| 8. | Football | OFD, Raipur, DDN |
| 9. | Cultural Programme | SGO, SOI +NRC, Zoological Survey of India |

शेष पृष्ठ 7 पर......

इसी क्रम में वर्ष 2017–18 का लेखा परीक्षा का सत्यापन का दायित्व AG (Audit) को और भौतिक सत्यापन का का दायित्व ASI को दिया गया ।

**12- Proposals/suggestions from member offices:**

एजेन्डा के अन्तिम बिन्दू पर सचिव ने सदन को अवगत कराया कि आम सभा के एजेण्डा में सभी सदस्य कार्यालयों से उनके सुझाव/प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे, जो कि कहीं से भी प्राप्त नहीं हुआ । सचिव ने पुनः सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपना सुझाव/प्रस्ताव हमें ईमेल से cgewcc.ddn.soi@gov.in पर भी भेज सकते हैं, कहते हुए अध्यक्ष महोदय से सभा का समापन की घोषणा करने की आज्ञा मांगी ।

अंत में अध्यक्ष महोदय ने सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समापन करने की अनुमति दी और सचिव ने बैठक समापन की घोषणा की। बैठक बहुत ही सौहार्द एवं मैत्रीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई ।

16.11.17

( मोहन राम )
सचिव
केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति देहरादून
दूरभाष– 0135–2741243

**Copy to –**

1. The Secretary, Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions, Department of Personnel and Training, North Block, New Delhi-110003.
2. The Secretary, Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions, Department of Personnel and Training, (Central Civil Services Cultural & Sports Board), Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi.
3. The Secretary, Ministry of Health and Family Welfare, Department of Health, New Delhi-110003.
4. The Secretary, Ministry of Home, Govt. of Uttarakhand.
5. The District Magistrate Dehra Dun.
6. The all member offices of CGEWCC, Dehra Dun for information and necessary action.
7. Incharge Survey of India Website, C/o National GDC, No. 6 Block, Hathibarkala Dehra Dun with the request to place this letter on the Website of the Department.